सार-समाचार

लिंक रैक के देरी से आने के कारण अजमेर-जम्मू तवी रेल सेवा रीशड्यूल रहेगी

जयपुर (कासं)। लिंक रैक के देरी से आने के कारण अजमेर- जम्मू तवी रेलसेवा रीशड्यूल रहेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 12413, अजमेर- जम्मू तवी रेलसेवा दिनांक 02.06.24 को अजमेर से अपने निर्धारित समय 14.15 बजे के स्थान पर 8 घंटे 30 मिनट देरी से 22.45 बजे प्रस्थान करेगी।

भक्तिमय सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम का किया पोस्टर विमोचन

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। श्री बालाजी मित्र मंडल सदर बाजार राजनगर की ओर से आयोजित कार्यक्रम संकट मोचन बालाजी महाराज मंदिर पर 14 जून सांय 7 बजे भक्तिमय सुंदरकांड पाठ विश्वास नंदवाना एंड पार्टी द्वारा किया जाएगा। 15 जून को प्रात: 7:30 बजे हवन पूर्ण आहुति एवं प्रात 9:15 बजे ध्वजा, अयोध्या श्रीराम झाकी एवं प्रभु महाकाल झांकी के विशेष श्रृंगार दर्शन एवं सांयकाल महाप्रसादी का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा सक्रिय रूप से जिम्मेदारियां निभाने के लिए दायित्व दिए गए। कार्यक्रम को लेकर हिंदू जागरण मंच के प्रांत संपर्क प्रमुख लिलेश खत्री की उपस्थिति में पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान प्रहलाद वैष्णव, पारस खत्री, अनिल सहलोत, सुनील मरोठिया, मुकेश सोलंकी, जयप्रकाश श्रोत्रीय, यशवंत पालीवाल, चंद्रप्रकाश प्रजापत, सुरेश प्रजापत, करणसिंह, बसंत टेलर, देवेंद्र खत्री, प्रभुलाल कुमावत, युधिष्ठिर कुमावत, महेंद्र गुर्जर, काशीराम कुमावत, विष्णु वैष्णव, भारतसिंह, भरत वैष्णव, भंवरलाल टेलर, राजेश वैष्णव, राजू पालीवाल, अशोक गुर्जर, सुरेश मौर्य, हार्दिक सोलंकी, मुकेश सहलोत, पारस खत्री सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बिरला सीमेंट वर्क्स ने परिंडे व सीमेंटेड टंकी का किया सहयोग

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। पिछले दो माह से पूरा भारत भीषण गर्मी का सामना कर रहा है, वहीं राजस्थान के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। बढ़ते तापमान के साथ न केवल मानव बल्कि पशु-पक्षी भी इस भीषण गर्मी में अपनी जान गंवा रहे हैं। इस भीषण गर्मी को देखते हुए बिरला सीमेंट वर्क्स द्वारा जिला कलेक्टर आलोक रंजन के आह्वान पर पशु-पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने हेतु कदम उठाये। बिरला सीमेंट के माधव नगर परिसर में इस अभियान की शुरूआत जिला उद्योग एवं वाणिज्य विभाग उपआयुक्त राहुल देव सिंह एंव महाप्रंबधक मोहित सिंह शेखावत के हाथों से परिंडे को पेड़ों पर बांध, उनमें पानी एंव दाना डालकर किया गया। साथ ही बिरला सीमेंट वर्क्स के यूनिट हेड देवेश कुमार मिश्रा एंव एचआर हेड प्रदीप कुमार सिंह के हाथों पक्षियों के लिए 250 परिंडे और पशुओं के पानी पीने के लिए 50 सीमेंटेड टंकी का वितरण किया गया। जिन्हें बिरला सीमेंट की कॉलोनी व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दिया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान सीएसआर व पर्यावरण विभाग की टीम भी मौजूद थीं।

सती माता, पूर्वज,भैरूबावजी की पूजा अर्चना कर रात्रि जागरण

निम्बाहेड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। कस्बे के श्रीकुंज आवास, गोराणा कृषि फार्म हाउस, खरावली में स्थित भैरु बावजी के मंदिर पर लोहार समाज के गौराणा परिवार के यजमान ख्यालीलाल, डॉक्टर हीरालाल, मोहनलाल सुरेशचंद्र द्वारा सामूहिक रुप से सती माता,भैरु पूर्वज की पूजा अर्चना,हवन इत्यादि के साथ रात्रि जागरण, प्रसादी का आयोजन हुआ। नयन ने बताया कि पुरुष-महिलाओं द्वारा रात्रि जागरण किया तथा सवा किलो कास्या का प्रसाद,सवा किलों चूरमा बनाकर हक चढ़ाई गई। विजय, गोपाल, केतन ने बताया कि रात्रि जागरण में गयारह भोपाजी गणपतलाल पाटीदार, नरेश आचार्य, मनोहर लाल पाटीदार,पन्नालाल कुम्हार, देवीलाल भील, मांगीलाल पड़ियार,भरत लोहार, दशरथ आटेड़िया,कारुलाल गायरी, मायादेवी, शंकरलाल गुजर का लोहार गोराणा परिवार के घीसीबाई, ख्यालीलाल-माया, डॉ हीरालाल-मीना, मोहन-लक्ष्मी, सुरेश सीता, नयन-पूजा, अजय-प्रमिला, सुनील-कुसुम, विजय-दिव्या द्वारा मंगलतिलक कुंकुम बिंदी, ऊपरणा, श्रीफल, सांफा, साड़ी अंगवस्त्र प्रदान कर बहुमान,सम्मान किया गया।

डॉ. गदिया यूएसए में साउथ एशिया चैप्टर के अंतर्राष्ट्रीय गवर्नर नियुक्त

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। मेवाड़ विश्वविद्यालय और मेवाड़ ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशंस के चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया को अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लोबल पीस, यूएसए के साउथ एशिया चैप्टर का अंतर्राष्ट्रीय गर्वनर नियुक्त किया गया है। शिक्षा के प्रति मजबूत इच्छाशक्ति, दृढ़ विश्वास, संकल्प, समर्पण, दूरदर्शिता, असाधारण उपलब्धियां और नेतृत्व के गुणों के कारण उनकी यह नियुक्ति हुई है। इससे पूर्व में भी डॉ. गदिया प्रतिष्ठित पुरस्कार 'द इंटरनेशनल आइकॉनिक अवॉर्ड से सम्मानित हो चुके है जो उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया था।

बोलेरो की टक्कर से एक की मौत, एक घायल

उदयपुर. नगर संवाददाता। जिले के पहाड़ा थाना क्षेत्र में एक बोलेरों ने एक बाईक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस के अनुसार महेश (21) पुत्र कावाराम परमार निवासी घाटी पहाडा जो 30 मई को अपने दोस्त चिराग (21) पुत्र रमणलाल भगोरा निवासी मालीफला उखेडी दोनो बाईक लेकर घाटी सरेरा से खैरवाडा काम से जा रहे थे। तीन रास्ता के आगे ढलान के पास पहुँचे कि सामने से नयागाँव कि तरफ से एक बोलेरो तेज गति में आई और बाईक को टक्कर मार दी, जिससे महेश व चिराग रोड से दूर जा गिरे।

उसके पुत्र कि सिर मे गंभीर चोट आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को राहगीरों ने चिकित्सालय भर्ती करवाया गया, जहां से उसे डुगरपुर हॉस्पीटल मे ले जा रहे थे कि देवलपाल घाटी के पास महेश ने दम तोड दिया। चिराग भगोरा को उसके परिजन गंभीर रूप से घायलावस्था में मोडासा गुजरात मे भर्ती करवाया है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

लोकसभा आम चुनाव- 2024

मतगणना स्थल में प्रवेश एवं पार्किंग के लिए की गई विशेष व्यवस्था

तय मार्ग से ही होगा चुनाव प्रत्याशियों, मतदान कर्मियों, अधिकारियों, मतगणना अभिकर्ताओं का मतगणना स्थल में प्रवेश

जयपुर (कासं)। लोकसभा चुनाव के तहत मंगलवार, 04 जून को सुबह 8 बजे से जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज में जयपुर निर्वाचन क्षेत्र एवं कॉमर्स कॉलेज में जयपुर ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतगणना प्रक्रिया शुरू होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नीलिमा तक्षक ने बताया कि मतगणना स्थल में प्रवेश एवं पार्किंग के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिसके तहत तय मार्ग से ही चुनाव प्रत्याशियों, मतदान कर्मियों, अधिकारियों, मतगणना अभिकर्ताओं का मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जाएगा साथ ही राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में वाहन पार्किंग व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी, पर्यवेक्षक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सभी प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी (सफेद आई कार्ड धारक) एवं पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त, उपायुक्त गांधी सर्किल से राजस्थान कॉलेज के गेट नम्बर 03 से वाहन सहित प्रवेश करेंगे तथा मुख्य भवन के पोर्च के मुख्य चैनल गेट से प्रवेश करेंगे। प्रकोष्ठ प्रभारियों के (गुलाबी वाहन प्रवेश पास युक्त) वाहनों की पार्किंग गेट नंबर 4 के पास स्थित पार्किंग स्टैंड पर रहेगी।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी (सफेद आई कार्ड धारक) गांधी सर्किल से राजस्थान कॉलेज के गेट नम्बर 03 से प्रवेश कर कॉलेज के किसी भी चैनल गेट से प्रवेश करेंगे। इनके (गुलाबी वाहन प्रवेश पास युक्त) वाहनों की पार्किंग गेट नंबर 4 के पास स्थित पार्किंग स्टैंड पर रहेगी।

लोकसभा उम्मीदवार एवं चुनाव अभिकर्ता (सफेद आई कार्ड धारक) गांधी सर्किल से राजस्थान कॉलेज से गेट नम्बर 04 से प्रवेश कर चैनल संख्या 7 से प्रवेश कर मतगणना कक्ष में प्रवेश करेंगे। इनके (हरा वाहन प्रवेश पास युक्त) वाहनों की पार्किंग खेल मैदान में होगी।

राजस्थान कॉलेज में नियोजित समस्त अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी का स्टॉफ, समस्त मतगणना कार्मिक, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माईको पर्यवेक्षक मतगणना, मतगणना (काउन्टिंग) एजेन्ट, समस्त मीडियाकर्मी व मीडिया प्रकोष्ठ के कार्मिक गांधी सर्किल से झालाना रोड़ से विवेकानन्द हॉस्टल की ओर स्थित मुख्य द्वार से प्रवेश कर हॉस्टल के सामने से राजस्थान कॉलेज के खेल मैदान में वाहन पार्किंग करेंगें।

समस्त अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी का स्टाफ (सफेद आई कार्ड) वाहन पार्किंग के बाद गेट नं. 1 से पैदल बाहर निकलेंगे तथा गेट नं. 2 से पुन: राजस्थान कॉलेज में प्रवेश कर चैनल गेट नं. 2 से मुख्य भवन में प्रवेश कर अपने-अपने मतगणना कक्ष में पहुंचेगे। ये अधिकारी/कार्मिक राजस्थान कॉलेज भवन के मुख्य चैनल गेट तथा चैनल गेट नं. 1 व 7 को छोड़कर किसी भी चैनल गेट से आने जाने हेतु अनुमत रहेंगे।

समस्त मतगणना कार्मिक, मतगणना पर्यवेक्षक (गुलाबी आई कार्ड), मतगणना सहायक (हल्का हरा आई कार्ड), माईको पर्यवेक्षक मतगणना (पीला आई कार्ड) वाहन पार्किंग कर पैदल निकल कर कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 1 से प्रवेश कर सामने के ग्राउंड में स्थापित टेंट में इकटठे होंगे तथा रेण्डमाइजेशन के उपरान्त कार्मस कॉलेज के अन्दर से ही राजस्थान कॉलेज में पैदल प्रवेश कर सीधे चलकर चैनल गेट नं. 6 से प्रवेश कर अपने अपने मतगणना कक्ष में पहुंचेगे।

विधानसभा क्षेत्र आदर्श नगर, किशनपोल, विद्याधर नगर, बगरू के मतगणना एजेंट (पीला आई कार्ड) वाहन पार्किंग कर गेट नं. 1 से बाहर जेएलएन मार्ग पर पैदल निकल कर गेट नं. 2 से राजस्थान कॉलेज में पुन: प्रवेश करेंगे तथा सीधे चलकर चैनल गेट नं. 1 से अन्दर प्रवेश कर अपने अपने मतगणना कक्ष में पहुंचेगे।

विधानसभा क्षेत्र हवामहल, मालवीय नगर, सिविल लाइन्स, सांगानेर के मतगणना एजेंट (पीला आई कार्ड) वाहन पार्किंग कर गेट नं. 1 से पैदल बाहर जेएलएन मार्ग पर निकल कर गेट नं 4 से पुन: राजस्थान कॉलेज में प्रवेश करेगे तथा चैनल गेट नं. 7 से अन्दर प्रवेश कर अपने-अपने मतगणना कक्ष में पहुँचेगे।

समस्त मीडियाकर्मी व मीडिया प्रकोष्ठ (सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी हरा-सफेद आई कार्ड) वाहन पार्किंग कर गेट नं. 1 से बाहर जेएलएन मार्ग पर पैदल निकल कर गेट नं. 3 से राजस्थान कॉलेज में प्रवेश करेंगे तथा सीधे चलकर चैनल गेट नं. 3। (भूगोल विभाग का) मीडिया कक्ष नं. 25 में प्रवेश करेंगें।

वहीं, विभिन्न कार्यों की व्यवस्था से जुड़े प्रकोष्ठा के कार्मिक राजस्थान कॉलेज में गेट नं. 1 से प्रवेश कर आवश्यकतानुसार किसी भी चैनल गेट से आने जाने हेतु अनुमत रहेंगे।

राजस्थान कॉलेज हेतु अन्य अधिकारीगण के पास युक्त वाहन अधिकारीगण को कॉलेज के मुख्य द्वार पर छोड़ कर गांधी सर्किल से झालाना मार्ग होते हुये विवेकानन्द छात्रावास की ओर स्थित मुख्य द्वार से राजस्थान कॉलेज के मुख्य खेल मैदान में पार्क की जावेगी।

फर्स्ट ओपन क्लासिकल एफआईडीआई रेटिंग चैस टूर्नामेंट 2024 संपन

जयपुर (कासं)। जयपुर में चल रही फर्स्ट जयपुर ओपन क्लासिकल एफआईडीआई रेटिंग चेस टूर्नामेंट का समापन हुआ जिसके चीफ गेस्ट बीजेपी के पूर्व विधायक कन्हैया लाल मीणा एआईसीएफ के वाइस प्रेसिडेंट, अनिल कुमार रायजादा रहे। आयोजन सचिव, जयेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में पूरे देश के 27 स्टेट से 500 और राजस्थान के 265 पार्टिसिपेंट्स ने भाग लिया जिनमें 302 अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी थे।

हेल्थ एंड वेलनेस के सीईओ, हिम्मत सिंह ने बताया कि यह टूर्नामेंट 6 साल के अंतराल के बाद अयोजित चेस टूर्नामेंट फूड फॉर नीडी एनजीओ द्वारा आयोजित और जस्ट हेल्थ एंड वेलनेस द्वारा प्रस्तुत किया गया था। जयपुर डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन; केयर हेल्थ इंश्योरेंस; नारायण हेल्थ; नीओ हॉस्पिटल के सहयोग और राजस्थान चेस एसोसिएशन तथा ऑल इंडिया चैस फेडरेशन (एआईसीएफ) के तत्वावधान में किया गया है।

चेस पेरेंट्स एसोसिएशन राजस्थान के प्रेजिडेंट, अमित गुप्ता ने बताया कि टूर्नामेंट के परिणाम इस प्रकार रहे 8-8 अंक बनाए किंतु टाईब्रेक से स्थान निर्धारण में पुडुचेरी के एस बद्रीनाथ प्रथम, अर्पणदास द्वितीय और रामविलास तृतीय रहे।

राजभवन में तेलंगाना स्थापना दिवस मनाया

राज्यपाल ने कहा, संविधान सर्वोच्च, अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहें

राज्यपाल ने तेलंगाना के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर संवाद किया

जयपुर (कासं)। राजभवन में रविवार को तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए तेलंगाना के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनसे संवाद भी किया।

मिश्र ने तेलंगाना के इतिहास की चर्चा करते हुए इस प्रदेश को पर्यटन से भी समृद्ध बताया। उन्होने कहा कि तेलंगाना शब्द का इस्तेमाल निज़ामों ने अपने राज्य के मराठी भाषी क्षेत्रों से इसे अलग करने के लिए किया था। तेलंगाना ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत समृद्ध प्रदेश है। हैदराबाद तेलंगाना का सबसे विशाल और सबसे अधिक आबादी वाला शहर है और यह दक्षिण-मध्य आंतरिक भारत का प्रमुख शहरी केंद्र है। उन्होंने युवा राज्य तेलंगाना में नवाचार और उद्यमिता के प्रयासों की सराहना की तथा इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि राजभवन में राज्यों के स्थापना दिवस मनाने के पीछे भावना यही है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की सोच से हम सभी जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में भाषाई, रहन-सहन, खान-पान की विविधता के बाद भी हमारे यहां एकता का भाव है। इसी से समरसता का निर्माण होता है।

उन्होंने संविधान को सर्वोच्च बताते हुए अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संविधान भारतीय जीवन मूल्यों का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने संविधान की मूल प्रति पर उकेरे चित्रों की चर्चा करते हुए कहा कि इनमें भारत के इतिहास और संस्कृति के साथ उदात्त जीवन मूल्यों का ओज समाया हुआ है। इस अवसर पर तेलंगाना के स्थानीय लोगों ने राजस्थान के अपनत्व भरे वातावरण की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल तथा प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

शैल्बी में इलाज करा चुके मरीजों ने दिया 'चलती का नाम जिदगी' का संदेश

'ग्रैंड मा एंड ग्रैंड पा पेजेंट, सीज़न-2' प्रतियोगिता सम्पन्न

जयपुर (कासं)। शैल्बी हॉस्पिटल जयपुर, अक्स फाउंडेशन और दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप विराट के संयुक्त तत्वाधान में होटल रॉयल ऑर्किड, टोंक रोड पर 'ग्रैंड मा एंड ग्रैंड पा पेजेंट, सीजन-2' संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता मुख्यत: 55 वर्ष से ऊपर आयु के दादा-दादी, नाना-नानी, के लिए रखी गयी थी, जिसमें सभी को रैंप वाक का अवसर दिया गया और इसमें मुख्य आकर्षण के तौर पर वो लोग शामिल थे जिन्होने शैल्बी हॉस्पिटल, जयपुर में जोड़ प्रत्यारोपण करवाया था और अब एक सुखद दर्दरहित जीवन जी रहे हैं। कार्यक्रम में जोड़ रोगो से संबंधित विभिन्न भांतियों को दूर करने और दर्दरहित जिन्दगी के संदर्भ में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से डाक्टर्स पैनल डिस्कशन भी रखा गया, जहां शैल्बी के वरीष्ठ जोड़

प्रत्यारोपण विशेषज्ञों ने उपस्थित जनसभा को संबोधित किया। इनमें कई सारी चिकित्सकीय जानकारियों का आदान-प्रदान भी हुआ। विश्व प्रसिद्ध जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. विकम आई शाह द्वारा देशभर में संचालित 14 से अधिक हॉस्पिटल्स की श्रृंखला वाले शैल्बी मल्टी-स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, जयपुर मुख्यत: जोड़ प्रत्यारोपण के क्षेत्र में नये-नये कीर्तिमान कर रहा है। पिछले महीने शैल्बी हॉस्पिटल, जयपुर ने 350 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरीज कर कई मरीजों को संतुष्टि प्रदान की और जोड़ों के दर्द से निजाद दिलाई।

पिछले 7 सालों से कार्यरत शैल्बी जयपुर में सभी डॉक्टर्स, नर्स और समस्त स्टाफ प्रत्येक रोगी को उच्चस्तरीय सुविधा और शीघ्रतम उपचार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यत: ऑर्थोपेडिक देखभाल के लिए पूरे भारत में शैल्बी एक जाना माना नाम है, यही कारण है कि यह जोड़ प्रत्यारोपण के लिए सभी का अटूट विश्वास बन चुका है।

छत से गिरने से अधेड़ की मौत

उदयपुर. नगर संवाददाता। जिले के सायरा थाना क्षेत्र में रात्रि को नीचे उतरने के दौरान नींद में छत से गिरने से एक अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नवलराम (52) पुत्र नाथूलाल मेघवाल निवासी पदराड़ा सायरा जो 30 मई को छत पर सो रहा था। इसे कम दिखता था। रात्रि को यह लघुशंका करने के लिए उठा और छत से नीचे गिर गया, जिससे इसके सिर में गंभीर चोंट आई। इसे परिजन स्थानीय चिकित्सालय लेकर गए, जहां से उदयपुर रैफर कर दिया गया। उदयपुर के एमबी चिकित्सालय में इस अधेड़ ने दम तोड़ दिया।

घर से लाखों की नकदी, जेवरात चोरी

उदयपुर. नगर संवाददाता। जिले के घासा थाना क्षेत्र में एक युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ घर से लाखों रूपए की नकदी, जेवरात और बाईक चोरी कर ले जाने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार राजकुमार पुत्र भंवरलाल खटीक निवासी पलाना कला घासा ने मामला दर्ज करवाया कि 30 मई की रात्री मे वह अपने घर पलाना कला मे परिवार सहित सो रहे थे। उसके दूसरे कमरे में उसकी दोनो बाईक थी। अज्ञात चोरों ने दोनो बाईकों को बाहर निकाल कर पुरानी बाईक को घर से 500 मीटर दूर छोडकर चले गए व नई बाईक को चोरी कर ले गए। कमरे के अन्दर बोक्स मे रखे 3 लाख रूपए नकद, एक मंगल सूत्र व चांदी की पायजेब भी चोरी कर ले गए। साथ ही बदमाश उसके पडोसी संजय पुत्र कन्हैया लाल आचार्य निवासी पलाना कलां की बाईक को भी चोरी कर ले गए।

CHANGE OF NAME

I HAVE CHANGED MY NAME SHIV CHARAN TO SHIV CHARAN PAL, ADDRESS- 236, GREEN NAGAR, NEW LOHA MANDHI, ROAD NO. 14, V.K.I. AREA, HARMADA, JAIPUR, RAJASTHAN.

दुर्घटना में दो की मौत

उदयपुर. नगर संवाददाता। संभाग के बांसवाड़ा जिले के कलिंजरा थाना क्षेत्र में सज्जनगढ़ निवासी देवीलाल (25) पुत्र हरिश भील 22 मई को सड़क दुर्घटना में घायल और डूंगरपुर जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र में रामगढ़ निवासी रमिला (40) पत्नी प्रेमजी यादव 31 मई की शाम को स्कूटी पर जाते समय कार की टक्कर से घायल की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। दोनों शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

दो युवकों के खिलाफ हमला करने का मामला

उदयपुर. नगर संवाददाता। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में एक युवक ने दो युवकों के खिलाफ उस पर हमला करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार मुकेश पुद्ध नारायण लाल ओड निवासी अम्बेरी वावडी के आगे सुखेर ने मामला दर्ज करवाया कि 31 मई को वह मारूती शोरूम अम्बेरी के वहाँ बेठा हुआ था तभी लोकेश पुत्र भगवती उर्फ गुडडु लाल ओड और उसका भाई अर्जुन ओड दोनो वहां आए और उस पर हमला कर दिया।

किसी धारदार वस्तु उसके सिर व मुहँ पर हमला किया, उसने हमले से बचने के लिए अपना हाथ आगे किया तो उसकी अंगुली पर भी चोट आई। शोर होने पर वह दीवार कूदकर नर्सरी मे कुद गया और छिप गया। इस पर आरोपी वहां से चले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ICICI Home Finance

कॉरपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी- कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

शाखा कार्यालय : प्रथम तल, दुकान नं - 46 से 49, लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, एम. आई. रोड, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर- 302001

(नियम 8(6) के प्रावधान देखें)

अचल मालमत्ता के बिक्री के लिए सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतदद्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणी (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी / प्रभारित की गई है, जिसका भौतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेचा जाएगा:

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक	प्रतिभूत मालमत्ता के साथ ज्ञात भार, कुछ हो तो तफसील	थकबाकी रकम	राखीव मूल्य रु. में / बयाना राशि जमा रु. में	मालमत्ता परीक्षण की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	जगत सिंह (उधारकर्ता) सुनीता (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या एलएचजेएआई00001330886	ऑरिक सिटी होम्स ब्लॉक सी फ्लोर 3 बास भांकरोटा अफोर्डेबल हाउसिंग प्लॉट खसरा नंबर 629, 630/1, 637/2 1176/826 वी जयसिंहपुरा जयपुर राजस्थान- 302006	रु. 9,88,845/- 22 मई, 2024	रु. 11,23,200/- / रु. 1,12,320/-	01 जुलाई 2024 सुबह 11:00 बजे अपराह्न 03:00 बजे	10 जुलाई 2024 अपराह्न 02:00 बजे अपराह्न 03:00 बजे

ऑनलाइन निलामी हमारी निलामी एजन्सी **ग्लोब टेक (यूआरएल लिंक https://BestAuctionDeal.com)** के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/सूचना कुल थकबाकी रकम का 9 **जुलाई**, 2024 को **शाम** 05.00 तक आगे के ब्याज के साथ प्रदान करने के लिए सूचना दी जाएगी अन्यथा, सदर प्रतिभूत मालमत्ता की अनुसूची अनुसार बिक्री की जाएगी।

प्रस्तावित बोलीदार सदर बयाना राशी जमा के साथ (रकाना क्र. ई) में संदर्भित) मुहरबंद लिफाफा में सुपरस्क्राईब्ड मालमत्ता के खरीद के लिए प्रस्ताव उनके प्रस्ताव **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, पहली मंजिल, दुकान नंबर 46 से 49, लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, एम.आई. रोड, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001** तहत **दि. 09 जुलाई**, 2024 को शाम 04.00 **बजे** तक भेजे एवं पेश करें। कृपया प्रस्तावित बोलीदार उपरी निर्देशित समय के अनुसार उनके प्रस्ताव निविदा दस्तावेज के हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम तल, दुकान संख्या 46 से 49, लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, एम.आई. रोड, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001** तहत **दि. 09 जुलाई**, 2024 को शाम 05.00 **बजे** के पहले पेश करें। बयाना रकम जमा ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/शेड्युल्ड बैंक से योग्य निलामी आयोजन '**आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लि.**' निलामी के नाम से **जयपुर** में देय होना चाहिए।

जांच के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, निलामी के नियम एवं शर्तें एवं निविदा को पेश करने के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड** के मो. क. 9920807300 पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** पर सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण न देकर सर्व बोली रद्द करने का अधिकार आरक्षित हैं।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के वेबसाइट https://www.icicihfc.com/ से सम्पर्क करें।

दिनांक : 03 जून, 2024
स्थान : जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड